हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023


तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री


9 मदवि के कर्मचारियों ने क्रिकेट मैच जीता



10 डबल मर्डर से दहल रोहतक, जांच में जुटी पुलिस




## शहर में आज

- नागरिक अस्पताल में डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे
- नगर निगम की टीम शहर में विशेष सफाई अभियान चलाएगी सुबह 9 बजे से
- सेक्टर-1 के लोग सड़कों की समस्या को लेकर पार्षद से मिलेंगे
- नेकीराम कॉलेज में एनएसएस शिविर सुबह 10 बजे से
- मॉडल टाउन के कन्या स्कूल में कर्मयोगी कार्यक्रम जारी

## बिजली कट

- सुबह 11 से शाम 3.00 बजे : छोटू राम नगर, सुखपुरा चौक, हनुमान कॉलोनी, राजेंद्र नगर, सूर्य नगर, परवेश नगर, बैंक कॉलोनी में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।
- सुबह 11 से शाम 4 बजे तक : जनता कॉलोनी के कुछ एरिया की सप्लाई बाधित रहेगी

# आज नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं बंद, डॉक्टर नहीं आएंगे, बड़ी घटना हुई तो सेवा देने को तैयार रहेंगे

## नागरिक अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी के 150 से ज्यादा डॉक्टर काम नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मरीजों से जुड़ी बड़ी खबर नागरिक अस्पताल से है। शुक्रवार को डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बंद रहेंगी। लेबर रूम (महिला प्रसूति विभाग) में भी कोई चिकित्सक सेवा नहीं देगा। पूर्व निर्धारित आंदोलन के तहत नागरिक अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी के 150 से ज्यादा डॉक्टर काम नहीं करेंगे। लेकिन कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो इस स्थिति में डॉक्टर इमरजेंसी सेवाएं देने के लिए तैयार रहेंगे। फिलहाल डॉक्टर्स ने एक दिन की सामूहिक हड़ताल का निर्णय लिया है। चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने मांगों पर विचार नहीं किया तो हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। डॉक्टर्स ने बुधवार को भी ओपीडी बंद रखी थी और अस्पताल में बैठकर नारेबाजी की थी। डॉक्टर्स को उम्मीद थी कि सरकार की ओर से वार्ता का बुलावा आएगा, लेकिन सरकार की ओर से कोई संदेया नहीं आने पर शुक्रवार को हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया गया है।

### तीन साल से कर रहे मांग

बता दें कि एचसीएमएस डॉक्टर कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। एसोसिएशन के प्रधान विश्वजीत राठी ने बताया कि तीन साल से हम सरकार से मांग कर रहे हैं कि उनकी समस्या पर ध्यान दिया जाए। लेकिन सरकार कोई कदम नहीं उठा रही। काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की, सांकेतिक हड़ताल की, ओपीडी बंद की, इसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया। अब शुक्रवार को सामूहिक रूप से छुट्टी ली गई है। इमरजेंसी सेवाएं बंद रहेंगी लेबर रूम में भी काम नहीं किया जाएगा। कोई भी डॉक्टर शुक्रवार को अस्पताल में नहीं आएगी।



रोहतक। मांगों को लेकर नारेबाजी करते नर्सिंग एसोसिएशन की सदस्य।



रोहतक। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के सदस्य।

### ये हैं मांगें

- पीजी पॉलिसी में बॉन्ड की राशि 1 करोड़ से घटा कर 50 लाख की जाए और उसके लिए कुछ गिरवी न रखवाया जाए, जिससे मध्यम वर्ग से आने वाले डॉक्टर पीजी करके जनता की सेवा कर पाएं
- स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी को पूरा करते हुए स्पेशलिस्ट कैडर का निर्माण एसोसिएशन के सुझाव पर किया जाए।
- डायनेमिक एसीपी दिल्ली तथा बिहार सरकार की तर्ज पर बनाया जाए।
- डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद हों ताकि चिकित्सा अधिकारी जो लगभग 20 साल की नौकरी के बाद पहले प्रमोशन पर एसएमओ बनते हैं उनसे उनका हक न छीना जाए

### इनके सहारे रहेगा अस्पताल

डॉक्टर्स की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी, इसलिए प्रशासन ने अतिरिक्त व्यवस्था की है। अस्पताल में एसएमओ, डिप्टी सीएमओ, कंसल्टेंट, एनएचएम के डॉक्टर, आरबीएस की टीम, सीएसओ से जुड़े स्वास्थकर्मी सेवाएं देंगे।

नारेबाजी



### पूरी टीम व्यवस्था संभालेगी

फिलहाल डॉक्टर्स ने एक दिन की हड़ताल का निर्णय लिया है। प्रशासन की ओर से अतिरिक्त व्यवस्थ की गई है। हमारा प्रयास रहेगा कि मरीजों को परेशान न हो। पूरी टीम व्यवस्था संभालेगी।
-डॉ. अनिल बिरला, सिविल सर्जन, रोहतक।

### कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं आएगा

मांगों को लेकर हम हड़ताल पर रहेंगे। हमार उद्देश्य मरीजों को परेशान करना नहीं है, लेकिन सरकार हमारी मांगों की ओर ध्यान दे। कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं आएगा, लेकिन कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो हम सेवाएं देंगे।
-डॉ. विश्वजीत राठी, प्रधान, एचसीएमएस एसोसिएशन, रोहतक।

**होगी परेशानी :** सिविल अस्पताल की ओपीडी में हर रोज करीब 1500 मरीज आते हैं। इमरजेंसी की संख्या अलग है। इसके अलावा जो मरीज दाखिल हैं वे अलग। डॉक्टर्स की सामूहिक हड़ताल के कारण इन सभी मरीजों को परेशानी को सामना करना पड़ेगा। सिविल अस्पताल के साथ ही सीएचसी और पीएचसी आदि में भी मरीजों को परेशानी को सामना करना पडेगा।

## पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ दो घंटे की हड़ताल पर रहा, 16 को सामूहिक अवकाश

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में बृहस्पतिवार को नर्सिंग स्टाफ ने दो घंटे हड़ताल रखी। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रही। आपातकाल व आईसीयू को छोड़कर पूरे अस्पताल के वार्डों में 2 घंटे तक स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई। वहीं नर्सिंग स्टाफ ने फैसला लिया है कि 16 जनवरी को वे सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और इससे होने वाली मरीजों की परेशानी के लिए सरकार व पीजीआईएमएस प्रशासन जिम्मेदार होगा। 16 जनवरी के सामूहिक अवकाश के लिए उन्होंने कुलपति डॉ. अनीता सक्सेना को ज्ञापन सौंप दिया है। पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि 28 दिसंबर को उन्होंने 2 घंटे का वर्क सस्पेंड करने का ज्ञापन सौंपा था। रणनीति के तहत नर्सिंग कैडर ने विजय पार्क में सुबह 10 से 12 बजे तक इकट्ठे होकर नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि सरकार पिछले 15 सालों से उन्हें बरगला रही है जबकि उनकी मांगों को पूरा किया जा सकता है। हमारी मांग है कि एम्स व पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर नर्सिंग अलाउंस 1200 से बढ़ाकर 7200 रुपये किया जाए और नर्सिंग कैडर को ग्रुप सी से ग्रुप बी में बदला जाए। फौगाट ने बताया कि उनकी मांगें जायज हैं, लेकिन फिर भी सरकार ने मरीजों को परेशान करने की ठान रखी है। जब भी देश पर कोई आपदा या महामारी जैसे कोरोना या अन्य बीमारी आती है तब नर्सिंग कैडर जिम्मेदारी के साथ फर्ज निभाते हुए दिन रात मरीजों की सेवा करता है।

## खबर संक्षेप



### पीएचडी करने पर नीरज कुमार सम्मानित

**सांपला।** भैंसरू खुर्द के नीरज कुमार द्वारा पीएचडी करने पर बृहस्पतिवार को पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। सरपंच पुनीत कुमार ने बताया कि नीरज मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स में सेवा दे रहा है। सरपंच ने अन्य युवाओं को भी उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। नीरज को तीन दिन पहले उपराष्ट्रपति द्वारा डिग्री दी गई थी।

### मदवि: इंजीनियरिंग की परीक्षाएं ग्यारह से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूजी इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर जी स्कीम की रेगुलर व री-अपीयर और एफ स्कीम की री-अपीयर तथा बी आर्क प्रथम की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं 11 जनवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिन्धु ने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### किसान 31 तक करवाएं फसलों का बीमा : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि किसान 31 दिसंबर तक अपनी रबी की फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के



तहत बीमा करवायें। सरकार द्वारा गेहूं, सरसों, जौ, चना व सूरजमुखी फसल का बीमा किया जा रहा है। हरियाणा में भारतीय कृषि बीमा कम्पनी द्वारा फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। अजय कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा इस योजना को सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक कर दिया गया है। अगर कोई ऋणी किसान इस योजना में शामिल नहीं होना चाहता तो वह अपना घोषणा पत्र संबंधित वित्तीय संस्थान में जमा करवाए। बीमा करवाने किसानों को फायदा होगा।


खबरों के लिए हरिभूमि टीम

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |


**सांसद अरविंद शर्मा के प्रयास से रेल मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन**

# रोहतक से अयोध्या एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी, रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

**रोहतक।** अब ट्रेन में रोहतक से अयोध्या जा सकेंगे। रेलवे मंत्रालय ने इस रूट पर एक्सप्रेस ट्रेन चलाने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ट्रेन चलाने के निर्णय से लोगों में खुशी की लहर है। जल्द ही ट्रेन चलने का समय और रूट तय कर दिया जाएगा। बता दें कि यह निर्णय रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरविंद शर्मा की मांग पर लिया गया है। आयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा से पहले ट्रेन चलाने के निर्णय पर लोगों ने सांसद व रेलमंत्री का आभार जताया है। बता दें कि इससे पहले ही सांसद ने खाटू श्याम तक ट्रेन चलाने की मांग रखी थी, जिसे मंत्रालय ने मंजूर किया और अब रोहतक से सीधे रिंगस तक ट्रेन चल रही है। उसी दौरान सांसद ने रोहतक के लोगों को आश्वासन दिया था कि रामलला के दर्शनों को लेकर रोहतक को आयोध्या से जुड़वाने का हर संभव प्रयास करेंगे।



रोहतक को आयोध्या से जोड़ने पर रेल मंत्री का आभार जताते सांसद अरविंद शर्मा।

### रेल मंत्री से अन्य प्रोजेक्टों को लेकर भी चर्चा : शर्मा

सांसद अरविंद शर्मा ने अक्टूबर में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की और श्रद्धालुओं की यह मांग रेल मंत्री के समक्ष रखी थी कि रोहतक को आयोध्या से जोड़ा जाए। रेल मंत्रालय ने सांसद द्वारा रखी गई मांग पर विचार करते हुए रोहतक से आयोध्या तक ट्रेन चलाने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा सांसद ने रेल मंत्री से अन्य रेलवे प्रोजेक्टों को लेकर भी चर्चा की। आयोध्या तक ट्रेन मंजूरी को लेकर सांसद ने रेलमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## एमडीयू की छात्राओं ने इंटर यूनिवर्सिटी में जीते आठ गोल्ड



**रोहतक।** एमडीयू की बेटियों ने इंटर यूनिवर्सिटी में 8 गोल्ड, 2 सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल हासिल किए हैं। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जॉन इन्टर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो महिला प्रतियोगिता में एमडीयू रोहतक की टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। टीम ने क्योर्गी वर्ग में आठ गोल्ड मेडल तथा दो सिल्वर मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल के साथ रनर्स अप ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। इसके अलावा पूमसे इवेंट्स में पहले स्थान हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं टीम इवेंट पूम्से में गीता यादव, रितु यादव, प्रिया यादव ने गोल्ड मेडल और मिक्स इवेंट में सहमाज परवीन और देवदास राय ने भी गोल्ड मेडल जीता। इतना ही नहीं 46 किग्रा में सोनिया ने गोल्ड, 53 किग्रा में श्वेता यादव ने सिल्वर, 57 किग्रा में सोनम ने गोल्ड, 62 किग्रा में सानिया खान ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

## मुंगाण में सफाई कर्मियों को ई -रिक्शा की चाबी सौंपी

**रोहतक।** गांव मुंगाण में सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारियों को ब्लॉक समिति मैम्बर रिना ने ई रिक्शा की चाबी सौंपी। इस अवसर पर श्रीभगवान वर्मा ने कहा कि हम सभी को अपने आसपास साफ सफाई रखनी चाहिए। इस दौरान यातायात के नियमों के बारे में भी जागरूक किया गया कि नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस अवसर पर रामकवार हुड्डा, कप्तान हुड्डा, शीलक नानक, अरुण धानक, राजकवार धानक, राजेश हुड्डा, दलबीर हुड्डा, दिनेश दहिया, विक्रम, मदन सैन, दलबीर, नफे सैनी, अरुण व अन्य मौजूद रहे।



## शरारती तत्वों व अपराधियों के बारे में पुलिस को तुरंत सूचना दें : एसपी

- एसपी ने ली पुलिस पब्लिक मीटिंग

**रोहतक।** पुलिस कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसपी हिमांशु गर्ग ने की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण मौजूद रही। बैठक में बारी-2 से सभी ने अपनी-2 समस्याओं बारे पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा मौके पर ही समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मीटिंग का उद्देश्य एरिया की समस्याओं को मिलकर हल करना, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा पुलिस पब्लिक में बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि बाजारों में यातायात व पार्किंग व्यवस्था को बेहतर करने के लिए और सख्त कदम उठाए जाएंगे। यातायात व्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों को आगे भी जारी रखा जाएगा। वहीं, महिलाओं-लडकियों को 112 इंडिया ऐप व दुर्गा ऐप के महत्व बारे अवगत कराया जा रहा है।



**पार्षद एजेंडे भेजकर थके, निगम नहीं कर रहा सुनवाई**

# शहर के सार्वजनिक शौचालयों पर लटक रहे ताले, पार्कों की हालत बेहद खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आमजन की सुविधा के लिए शहर भर में बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की हालत खराब होने लगी है। कहीं शौचालयों पर दिन में ही ताला लटका रहता है तो कहीं नल और सामान ही गायब मिलता है। सफाई करने के लिए कर्मचारी न होने की वजह से भी इनकी दशा बिगड़ चुकी है। अधिकतर वार्डों के पार्षद शौचालयों की सुध लेने के लिए आवाज उठा चुके हैं, लेकिन नगर निगम पर इसका कोई खास फर्क देखने को नहीं मिल रहा। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि टेंडर जारी कर पार्कों का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है।

अप्पू घर के पास बनाए गए शौचालय पर दिन में ही ताला लटका रहता है जिससे आसपास की मार्केट के दुकानदारों और ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है। बीच में कुछ दिन तक ताला खुल जाता है, इसके बाद फिर से यही समस्या शुरू हो जाती है। दुकानदारों का कहना है कि शौचालयों को सम्भालने के लिए कोई कर्मचारी नहीं होने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पालिका बाजार के पास बनाए गए शौचालय की हालत देखकर आपको लगेगा कि नगर निगम इसे बनाकर भूल गया है। न तो इसकी समय पर मरम्मत करवाई जा रही है और न ही सफाई के नाम पर यहां कुछ हो रहा है। यहां टूटी भी गायब है और अन्य सामान टूटा हुआ है। इसके अलावा इसका गेट तक टूट चुका है, अन्य जगह भी हालत खराब है।



रोहतक। शहर के अप्पू घर के पास शौचालय पर लटक रहा ताला।



रोहतक। पालिका बाजार के पास जर्जर हो चुका शौचालय।

### पार्कों में व्यायाम के लिए पर्याप्त मशीनें नहीं

वार्ड 11 में सेक्टर एरिया में स्थित कई पार्कों की हालत जर्जर हो चुकी है। कहीं चार दीवारी टूटी हुई है तो कहीं ग्रिल टूटी हुई है। पार्कों में व्यायाम के लिए पर्याप्त मशीनें नहीं लगाई गई हैं। कई मशीनें टूट चुकी हैं। इसके साथ ही पार्कों में बंदरों का आंतक बढ़ता जा रहा है। पानी से सिंचाई करने के लिए कई पार्कों में कोई व्यवस्था नहीं है। यहां पेड़ पौधों की कमी है। साफ सफाई न होने से लोगों को सैर के लिए आने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार असामाजिक तत्व भी पार्कों में बैठे रहते हैं। लोगों के बैठने के लिए भी जगह कम है। वार्ड पार्षद कदम सिंह अहलावत कई बार निगम के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं।

## लाखनमाजरा में युवक को गोली मारने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया
- कोर्ट ने जेल भेजा



पुलिस ने लाखनमाजरा निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी लाखनमाजरा ने बताया कि 9 अक्टूबर को पुलिस को मिली थी कि गांव लाखनमाजरा में गोली चली है। पुलिस ने गांव लाखनमाजरा निवासी रितेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच में सामने आया कि रितेश, आर्यन, सोहन उर्फ भांजा व संदीप आपस में मुकदमेवार है। रितेश, आर्यन व सोहन फिलहाल जमानत पर आए हुए है। संदीप करनाल जेल में बंद है। जो रितेश व संदीप की आपस में कई बार कहासुनी हो चुकी है। इसी बात की रंजिश रखते हुए संदीप के कहने पर आर्यन, सोहन उर्फ भांज व जोगेंद्र उर्फ काला ने रितेश पर जानलेवा हमला किया। 9 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.30 बजे रितेश अपनी मोटरसाइकिल सहित खरैंटी रोड के सामने पहुंचा तो आर्यन व अन्य दोनों युवकों ने कार में आए व कार आगे लगाकर रितेश को रोक लिया। आर्यन ने जान से मारने की नीयत से रितेश पर गोली चला दी। गोली रितेश के बाये पैर में लगी। तीनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए। जांच 27 दिसंबर को आरोपी संदीप को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### एसवाईएल मुद्दे पर हो रही सिर्फ राजनीतिः जयहिन्द



**रोहतक।** नवीन जयहिन्द ने कहा कि चंडीगढ़ में कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में एसवाईएल मुद्दे पर हुई हरियाणा-पंजाब के मुख्यमंत्रियों की बैठक सिर्फ चाय-बिस्किट की मीटिंग बनकर रह गई। जिस तरह से मीटिंग में सुप्रीप कोर्ट के निर्णय को नजरंदाज करके उसका अपमान किया गया है, उससे इन राजनीतिक पार्टियों की मंशा साफ नजर आती है। वे नहीं चाहते कि हरियाणा की जनता को उनके हक का साफ पानी मिले। ये सभी राजनीतिक पार्टियां एसवाईएल के नाम पर सिर्फ राजनीति करती हैं।

### 112 इंडिया ऐप को लेकर पुलिस कर रही जागरूक

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा डायल 112 इंडिया ऐप को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी निरीक्षक सुनीता ने बताया कि विभिन्न कॉलेजों व स्कूलों में जाकर डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक किया जा रहा है ताकि आम नागरिक इस ऐप के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में इसका लाभ मिल सके। आपातकालीन सेवा के लिए राज्य में यह ऐप काफी सहायक सिद्ध हो रहा है।

### बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी की टीम 115 रन पर ढेर

# एमडीयू की टीम ने प्रतिद्वंदी को टी-20 में 90 रन से हराया

**नागपुर में चल रहे हैं 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट के मुकाबले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लॉइज क्रिकेट टीम ने नागपुर में चल रहे 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में वीरवार को दूसरे लीग मैच में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी औरंगाबाद को 90 रन से हरा दिया। औरंगाबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एमडीयू की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाए। ओपनर बल्लेबाज नरेंद्र शीलक 43 गेंदों पर 85 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी की टीम 16.4 ओवर में 115 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई और एमडीयू ने 90 रन से यह मैच अपने नाम किया। एमडीयू के गेंदबाज पंकज नैन ने पावर प्ले में तीन ओवर में चार विकेट लिए। नरेंद्र शीलक ने तीन विकेट और कप्तान राज ने दो विकेट लिए। एमडीयू के ओपनर बल्लेबाज नरेंद्र शीलक को ऑलराउंडर प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच चुना गया। बता दें कि मैच नागपुर के सेंट मैरी क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। एमडीयू की इस जीत में खिलाड़ी योगेंद्र सिवाच, महिपाल, डॉ. सुखबीर हुड्डा, प्रवीन कुमार, राजेश शर्मा, सुनील कुमार तथा राजेश रोहिल्ला का भी विशेष योगदान रहा।



**रोहतक।** नागपुर में चल रहे 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट में भाग लेती टीमें। *फोटो : हरिभूमि*

**दमदार बल्लेबाजी**

- एमडीयू की टीम के धाक्कड़ बल्लेबाज नरेंद्र शीलक ले 43 गेंदों में 85 रन की पारी खेली
- जिसके दबाव से विरोधी टीम अंत तक नहीं उबर सकी

**विजेता टीम को दी बधाई**

*एमडीयू कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, एमडीयू के शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा, निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने टीम को बधाई दी।*

# वॉलीबाल में छाईं महम हलके की बेटियां

- आप नेता विकास नहरा ने गांव फ़रमाना की 11 विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

बनारस में खेले गए वॉलीबॉल नेशनल गेम्स में महम विधानसभा क्षेत्र के गांव फरमाना की ग्यारह लड़कियों ने प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। आप नेता विकास नहरा ने कहा खेल हमें स्थिरता, धैर्य, ध्यान, और टीमवर्क कौशल विकसित करने में मदद करता है। सामाजिक लाभ खेलने से सामाजिक संबंधों का विकास होता है। यह हमें सामरिकता, सहयोग, नेतृत्व कौशल, और उच्चतम मानकों के प्रतीक बनाता है इस दौरान गांव फरमाना में पहुंचकर सभी बहनों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया है। इस खेल में अभ्यास से लेकर मेडल जीतने तक कोच रामनिवास की बहुत अच्छी भूमिका रही। विकास नहरा ने उन्हे भी बधाई दी।बलजीत मदेरणा, संजय मास्टर, सुरेश सहारण, मांगे मिस्त्री, गुलाब सिंह, फुलकुमार सहारण, महेंद्र रंगा, सुरेंद्र सोनी, बिट्टू सहारण व रामहेर सहारण सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



महम। वॉलीबॉल नेशनल गेम्स में पदक जीतकर लौटी फरमाना गांव की बेटियों को नोटों की माला पहनाकर स्वागत करते आप नेता विकास नहरा।

### उपायुक्त ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय के सभागार में अलग-अलग विभागों की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जो गंभीर मामले हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राहत पहुंचाने का काम किया जाए।




# वार्षिक उत्सव में नन्हे मुन्नों ने किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव राधाकृष्णन सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार ललिता दलाल व जेबीडीएस पावर ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन अमित दुहन रहे। दोनों ने ही इसी स्कूल से शिक्षा हासिल की है। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्टे हैल्दी विद योगा, की ऑफ हैप्पीनेस थीम, एजुकेशन थीम, सेल्फ डिफेंस फोर गर्ल्स थीम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम, हरियाणवी व पंजाबी नृत्य गीतों के माध्यम से अपनी प्रस्तुती। उपप्रधानाचार्या डॉ. अन्नू धनखड़ ने वार्षिक रिपोर्ट द्वारा विद्यालय की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। ललिता दलाल ने कहा कि आज मैं जिस मुकाम पर पहुंची हूं उसमे नितानंद स्कूल की बहुत बड़ी भूमिका है। अमित दुहन ने छात्रों को संदेश दिया कि समय का पालन व कड़ी मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। स्कूल संचालक सुमित मलिक व प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में मेधावी और विशिष्ट प्रतिभा वाले छात्रों को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान नीट व आईआईटी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया।

# त्याग और बलिदान से भरा है कांग्रेस का इतिहास

- कांग्रेस स्थापना दिवस पर विधायक खटक और बतरा ने फहराया कांग्रेस ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



कांग्रेस ने अपना 139 वां स्थापना दिवस अमर शहीदों को याद करके मनाया। कांग्रेस भवन पर विधायक भारत भूषण बतरा और शकुंतला खटक ने कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बतरा ने कहा कि 1885 में बनी यह पार्टी कई बार टूटी, लेकिन इसका अस्तित्व आज भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि इसका इतिहास उतार-चढ़ाव से भरा है संघर्ष और त्याग इस पार्टी की मूल जड़ में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव आमजन के हितों के लिए, समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। कांग्रेस ने कभी जात-पात और धर्म आधारित राजनीति नहीं की, कांग्रेस सभी धर्म और सभी बिरादरी का सम्मान करती है।

# मांगें पूरी न होने से नपाकर्मियों में रोष

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ ने बृहस्पतिवार को कार्यालय में मीटिंग की। जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्रधान संजय बिड़लान ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों के साथ मीटिंग में मांगों को पूरा करने पर सहमति बनी थी लेकिन अभी तक मांगें पूरी नहीं की गई। उन्होंने बताया अधिकारियों की मीटिंग में निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह और सम्बंधित शाखा के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कर्मचारियों की सभी मांगों के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने मुख्य रूप से पे रोल के कर्मचारियों को हरियाणा सरकार के 20 फरवरी 2023 को जारी पत्र के तहत नियमित करने की मांग की। कर्मचारियों की अन्य मांगों को पूरा करने को लेकर भी आयुक्त ने आश्वासन दिया। लेकिन अभी तक सफाई कर्मचारियों को तेल व साबुन ही मिला है। इसके अलावा किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा रोष प्रकट किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि दोबारा निगम प्रशाशन के साथ पत्राचार किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से श्रवण बोहत महासचिव, विक्की बिड़लान कोषाध्यक्ष, अनिल कांगड़ा जिला प्रधान, मुन्नू चांवरिया संरक्षक, राजेश बागड़ी उप प्रधान सर्व कर्मचारी संघ, नरेश बागड़ी सफाई दरोगा, जतिन, अंकित आदिवाल, अरुण बिड़लान रहे।



### भजन हत्याकांड का तीसरा आरोपी जेल

**बहादुरगढ़।** आसौदा थाना क्षेत्र में हुए भजन हत्याकांड में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा बरामद कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। मामले में तीनों आरोपी जेल जा चुके हैं। दरअसल, गत 20 सितंबर की सुबह आसौदा में एक कंपनी के नजदीक युवक का शव मिला था। मृतक की शिनाख्त भजन के रूप में हुई थी। भजन मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था। यहां आसौदा स्थित एक कंपनी में काम करता था।

# यौन शोषण से बच्चों की सुरक्षा जरूरी

- सुरक्षित विद्यालय, विद्यार्थी मुहिम के तहत शिक्षक किए जाएंगे प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में जिले के सभी खंडो के एबीआरसी, बीआरपी एवं महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ को खंड स्तर के मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिक्षा निदेशालय हरियाणा एवं एससीईआरटी गुरुग्राम के दिशा निर्देशों की अनुपालना में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना द्वारा प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के नेतृत्व में दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सतीश शर्मा ने बताया कि विद्यालयों में बच्चों को लैंगिक यौन शोषण से सुरक्षा प्रदान करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन पूरे हरियाणा में किया जा रहा है ताकि बच्चों के साथ किसी प्रकार का यौन शोषण ना हो पाए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने प्रतिभागियों को विद्यालय में शिकायत पेटी एवं यौन सुरक्षा से संबंधित समितियां को लगातार गंभीरता पूर्वक काम करने की जिम्मेदारी से अवगत कराया तथा विभागीय दिशा निर्देश साझा किए। मास्टर ट्रेनर डॉक्टर योगेश भारद्वाज एवं मनीषा ने पोस्को एक्ट 2012 के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

वीरवार को महम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने की। कार्यक्रम के संयोजक कांग्रेस नेता बलराम दांगी थे। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया। आनंद सिंह दांगी व बलराम दांगी ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। आनंद सिंह दांगी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की 28 दिसंबर 1885 को देश की आजादी के संघर्ष के दौरान कांग्रेस पार्टी की स्थापना की और देश को गुलामी से आजादी दिलाई। अनेक वर्षो से देश निर्माण महत्वपूर्ण योगदान दिया और कुर्बानी दी। आज देश में लोकतंत्र खतरे में है। देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा किया जा रहा है। इससे छुटकारा पाने के लिए एक बार फिर से एकजुट होने की जरूरत है। उद्योगपतियों की हितेषी भाजपा सरकार से मुक्ति पाने के लिए हम सबको मिलकर आगे बढ़ लड़ने की जरूरत है। प्रदेश की जनता जनविरोधी बीजेपी-जजपा गठबंधन सरकार उखाड़ फेंकना चाहती है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता जनविरोधी सरकार को उखाड़कर फेंक देगा। हम सभी कांग्रेसजन हरियाणा में हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनायेंगे। संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस संगठन का बूथ स्तर पर कमेटियों का निर्माण किया गया है। अब इनसे आगे कार्य करने का काम किया जाएगा । बलराम दांगी ने अपने संबोधन में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए बूथ स्तरीय कमेटी के विस्तार और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को हर घर जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। बलराम दांगी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के लिए दान डोनेट फोर देश के लिए प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ज्यादा से ज्यादा योगदान के लिए प्रेरित किया व जिम्मेवारी सौंपी।



महम। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेते पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी और उनके पुत्र बलराम दांगी व अन्य पार्टी कार्यकर्ता।


# स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई, डॉक्टर, नर्स हड़ताल करने पर मजबूर : गुलशन इशपुनियानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलशन इशपुनियानी ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा रही हैं। सरकार जनता को स्वास्थ्य सेवाएं देने में बिल्कुल विफल साबित हुई है। अब डॉक्टर मांगों को लेकर हड़ताल कर हैं। डॉक्टर भाजपा सरकार में धरने पर बैठकर नारेबाजी करने पर मजबूर हैं। दूसरी ओर पीजीआई का नसिंर्ग स्टाफ भी आंदोलन कर रहा है। आज 2 घंटे की हड़ताल की है, जिसका सीधा असर मरीजों पर पड़ा है। सरकार की हठधर्मिता का खामियाजा आम मरीज भुगत रहे हैं। प्रदेश की जनता और कर्मचारी कांग्रेस सरकार को याद कर रहे हैं। सभी ने मन बना लिया है कि प्रदेश में इस बार कांग्रेस की सरकार बनाएंगे और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथ में हरियाणा की कमान होगी। तभी है वर्ग का भला हो सकता है।




वरिष्ठ समाजसेवी
स्व. कृष्णवीर मायना
पूर्व प्रभारी पंजाब एवं उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस
की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर
दिनांक 29 दिसंबर 2023, शुक्रवार, प्रातः 10 बजे
स्थानः गांव बलियाना, रोहतक
आप भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन हमें
पूरा यकीन है आपका प्यार और आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ है !
आपको शत शत नमन ।
जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र बांटे जायेंगे व आंखों की मुफ्त जांच शिविर भी लगाया जाएगा। जिसमें आंखों के वरिष्ठ डॉक्टर जांच करेंगे। ट्रस्ट की तरफ से मुफ्त चश्में व दवाईयां बांटे जायेंगे।
नोटः कंबल उसको ही दिया जाएगा जिसने पहले से रजिस्ट्रेशन करवा रखा है।
निवेदकः
KVM समाज कल्याण ट्रस्ट (रजि.) रोहतक

## खबर संक्षेप

### भाजपा के शासन में बढ़ी महंगाई और बेरोजगारी

**सांपला।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश खत्री ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई और बेरोजगारी का आलम है। पिछले 9 साल से प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोग दुखी हैं। प्रदेश की नता गठबंधन सरकार से छुटकारा पाने के लिए चुनाव का इंतजार कर रही है। खत्री ने कहा कि जनता को झूठे सपने दिखा कर सता हथियाने वाली भाजपा सरकार को 2024 में लोग वोट की ताकत से सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुके हैं।

### 177 खंड़ित तिरंगे नोडल अधिकारी को सौंपे



**रोहतक।** मेरा झंडा मेरी शान अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों से समाजसेवी सुंदर जेटली के नेतृत्व में संभाले गए 177 खंड़ित तिरंगे सम्मान पूर्वक विपिन नरवाल नोडल अधिकारी नगर निगम को सौंपे गए। सुंदर जेटली ने बताया कि 15 अगस्त 2022 के समय प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। कई जगह तिरंगा खंडित नजर आया। इसके बाद मेरा झंडा मेरी शान अभियान की शुरुआत की गई।

### राजीव नगर के लोगों ने एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** राजीव नगर में पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। कॉलोनी निवासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन तरूण गर्ग को ज्ञापन सौंप कर समस्या निदान की मांग की। एक्सईएन ने उपयुक्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि सीवरेज की पाइप लाइन डाल दी गई है लेकिन पीने के पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन नहीं दबाई गई है। उन्होंनें मांग की कि पाइप लाइन डलवा कर घर-घर पानी की सप्लाई शुरू करवाई जाए।

### यातायात के नियमों का पालन करें



**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस कैंप में वीरवार को प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत प्रार्थना सभा तथा योगाभ्यास द्वारा की गई। डॉ. वीरेंद्र सिंह फोगाट व हार्टफुल टीम ने स्वयंसेवकों को बताया कि किस प्रकार हम योग साधना द्वारा स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। स्वयंसेवकों ने गांव कन्हेली में स्वच्छता अभियान चलाया। शाम के सत्र में डॉ. दिनेश शर्मा, आरके शर्मा, जगत सिंह गिल द्वारा नेत्रदान, रक्तदान और रोड सेफ्टी विषय पर व्याख्यान दिया।

# रोहतक में दो हत्याएं , महिला और युवक को चाकू से गोदकर मार डाला

## गांव पहरावर के पास ढाबे पर दिल्ली के युवक की चाकू घोंपकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक बार फिर रोहतक डबल मर्डर से दहल गया। अलग-अलग जगहों पर महिला और एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। महिला की हत्या सांपला के बाईपास पर की गई, जिसका शव नाले में मिला है। जबकि दिल्ली के युवक की हत्या पहरावर के पास ढाबे पर कर दी गई। युवक यहां शराब पीने के लिए आया था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### शव को पीजीआई भेजकर की जा रही है जांच

महिला की हत्या गला काटकर की गई है। गला भी घोंटा गया है। दुष्कर्म हुआ है या नहीं, इसका पता पोस्टमार्टम के बाद लगेगा। शव को पीजीआई भेजकर जांच की जा रही है। आसपास के एरिया की पुलिस को भी सूचना भेजी गई है।

-सुवेंद सिंह, एसएचओ सांपला

### दुष्कर्म की आशंका

**सांपला।** बाईपास स्थित नाले में महिला की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी अर्धनग्न शव को फेंककर फरार हो गए। बृहस्पतिवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजा गया। पुलिस ने आसपास के एरिया में मैसेज भेजकर कारवाई शुरू कर दी है। आशंका है कि महिला की हत्या दुष्कर्म के बाद की गई है। लेकिन इसका खुलासा पोस्टमार्टम के बाद हो पाएगा। सांपला पुलिस को सुबह सूचना ली कि दिल्ली बाईपास पर बेरी चौक के पास स्थित नाले में महिला का शव पड़ा हुआ है। डीएसपी राकेश कुमार, सांपला थाना प्रभारी सुवेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। महिला की उम्र करीब 32 साल है। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। एफएसएल टीम एक्सपर्ट डॉक्टर सरोज दहिया ने भी मौके से सबूत जुटाए। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। उसके शरीर पर गले समेत अन्य जगह चोट के निशान है। मौके से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने आसपास काम करने वाले लोगों से भी पूछताछ की है। यहां नाले बनाने के लिए काम चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजकर जांच शुरू कर दी है। महिला की कलाई पर रोशन लिखा हुआ है। उसकी चप्पलें भी पास में ही रखी हुई हैं। आसपास के एरिया की पुलिस को भी सूचना भेजी गई है। पुलिस जांच में ऐसा सामने आया है कि वारदात दो दिन पुरानी हो सकती है। नाला सुनसान जगह है।



### बुआ के पास गांव खरावड़ में आया था सुमित

**रोहतक।** पहरावर के पास ढाबे पर युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। मरने वाले युवक का नाम सुमित है और वह गांव जोंदी (दिल्ली) का रहने वाला है। वह अपनी बुआ के पास गांव खरावड़ में आया हुआ था। वारदात की सूचना शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जांच में सामने आया कि सुमित ढाबे पर आया हुआ था और शराब पीने के दौरान वहां बैठे युवकों ने उसका झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि युवकों ने सुमित को चाकू घोप दिया, जिस कारण सुमित की मौत हो गई। दिल्ली के गांव जोंदी का रहने वाला 26 वर्षीय सुमित अपनी बुआ के पास गांव खरावड़ में आया हुआ था। वह अपने साथियों के साथ बुधवार रात पहरावर चौक की तरफ गया। वहां कुछ लोग पहले से ही शराब पी रहे थे। जिनके साथ किसी बात को लेकर सुमित की कहासुनी हो गई। आरोपियों ने चाकू से सुमित पर हमला कर दिया। सुमित को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

#### जुटाए सबूत

वारदात में की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के संबंध में सबूत जुटाने के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। टीम ने मौका मुआयना कर घटनास्थल से फिंगर प्रिंट के अलावा अन्य संदिग्ध वस्तुओं को भी कब्जे में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद जांच की दिशा निर्धारित की जाएगी।

-प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी, शिवाजी कॉलोनी



### चेयर रेस में उत्तम और बैलेंस रेस में रूद्राक्ष प्रथम

**रोहतक।** न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान चेयर रेस में उत्तम ने प्रथम, अमन ने द्वितीयऔर प्रिंस ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बैक रेस में देवेंद्र ने प्रथम, नीतीश ने द्वितीय, सागर ने तृतीय, बैलेंस रेस में रुद्राक्ष प्रथम, आयुष द्वितीय, वंश ने तृतीय, थ्री लेग रेस में वंशिका और कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यापक व अभिभावकों के बीच टैग ऑफ वार में अभिभावकों ने बाजी मारी। वहीं म्यूजिकल चेयर गेम अभिभावक में 85 वर्षीय श्यामो देवी और अध्यापकों में सरला हुड्डा ने जीत हासिल की।

### एचडी के खिलाड़ियों ने पाइथियन गेम्स में जीते पदक



**रोहतक।** बहुअकबरपुर व सनसिटी रोहतक में स्थित एचडी संस्थान की दो शाखाओं के पांच खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, एक ने रजत व एक ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य दुलाल देब ने बताया कि नौवीं कक्षा की कंचन, छठीं कक्षा के अतुल, अर्जुन और पांचवीं कक्षा के केशव व पूर्वी (लिटल ब्लॉसम स्कूल) ने स्वर्ण पदक, पांचवी कक्षा के रितिक ने रजत और छठी कक्षा के प्रियांशु ने कांस्य पदक जीता। इस मौके पर स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट, शैक्षिक निदेशक सुषमा गौड़, प्रधानाचार्य दुलाल देब, उप-प्रधानाचार्या अनिता श्योराण ने खेल कोच व छात्रों को बधाई दी।


### निधि और उत्तम ने पोल वाल्ट में जीता गोल्ड मेडल



रोहतक। एमडीयू की निधि और उत्तम ने इंटर युनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओडिशा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओडिशा में हुई नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में निधि और उत्तम ने पोल वाल्ट में गोल्ड मेडल जीत कर एमडीयू का रोशन किया है। टीम कोच डॉक्टर रमेश सिंधु ने बताया कि एमडीयू के सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### गीता आधारित नीडोनोमिक्स को समझना होगा

**रोहतक।** नीडो-गवर्नेंस के प्रयासों के साथ मानवीय शिक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षणिक नेतृत्व की सोच में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। ये बात शिक्षाविद् एवं कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. मदन मोहन गोयल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित एनईपी ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम (ऑनलाइन मोड) के दौरान कही। प्रो. गोयल ने कहा कि शैक्षणिक नेतृत्व की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाने हेतु हमें गीता-आधारित नीडोनोमिक्स को समझना और अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि पेपरवेट के साथ खेलने के लिए सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए विकेंद्रीकरण दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दूसरों से सर्वश्रेष्ठ पाने के लिए हमें अपने शैक्षणिक प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ से बेहतर देना होगा। इस मौके पर एमएमटीटीसी निदेशक प्रो. संदीप मलिक, एमएमटीटीटी उप निदेशिका एवं प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर डॉ. माधुरी हुड्डा सहित अन्य मौजूद रहे।



## बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना के तत्वाधान वीरवार को शहीद समुंदर सिंह हुड्डा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांघी में रोल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र खत्री ने की।

कार्यक्रम में रोल मॉडल के रूप में नेट क्वालिफाइड और पीएचडी स्कॉलर रेणु ने छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारण की जरूरत, जीवन की चुनौतियों और उनसे निपटने में महत्वपूर्ण लगन, साहस और दृढ़ निश्चय के विषय में बताया। उन्होंने बेटियों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके, शारीरिक और मानसिक शोषण से बचने के उपाय और सावधानियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन में आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। एएनएम पूनम ने बताया कि सामान्य पौष्टिक आहार से ही कैल्शियम और आयरन की कमी को पूरा किया जा सकता है। आंगनवाड़ी वर्कर रोशनी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। एसएमसी प्रधान मोनिका ने भी छात्राओं को मेहनत करने का संदेश दिया।

### प्रवीण पर जानलेवा हमले के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने प्रवीण दुधिया पर जानलेवा हमला करने के वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। थाना प्रभारी सीआईए-2 आजाद नैन ने बताया कि 30 सितंबर 2022 को पुलिस को सूचना मिली कि भिवानी रोड पर एक व्यक्ति को अज्ञात युवकों ने गोली मारी है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा कार्यवाही शुरू कर दी। घायल युवक को इलाज के लिए पीजीआईएमएस में दाखिल कराया गया। युवक की पहचान प्रवीन उर्फ भिडा निवासी गांव बलम्बा के रूप में हुई है। प्रवीन के भाई गगन सिंह की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच में सामने आया कि प्रवीन उर्फ भिंडा दूध बेचने का काम करता है। 30 सितंबर को प्रवीन सुबह गांव से दूध लेकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर रोहतक में बेचने जा रहा था। जब प्रवीन भिवानी रोड पर पहुंचा तो अज्ञात युवकों प्रवीन को गोली मारकर फरार हो गए। जांच के दौरान योगेश काद्यान उर्फ बोबी निवासी बेरी झज्जर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी योगेश वारदात के बाद से फरार चल रहा है। कोर्ट द्वारा आरोपी योगेश के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। जांच में सामने आया कि आरोपी योगेश देश छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस द्वारा सीबीआई के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इंटरोपल से आरोपी योगेश का रेड नोटिस जारी कराया जा चुका है।

■ आरोपियों को कोर्ट में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया

## पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार तुरंत बहाल करे सरकार : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ पुरानी पेंशन कर्मचारियों की मांग नहीं, उनका हक

स्कूल कैडर लैक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) संगठन के राज्य कार्यकारी प्रधान अशोक शर्मा और राज्य मीडिया प्रभारी भूपेंद्र मलिक ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की मांग नहीं, उनका हक है।

सरकार को कर्मचारियों को उनका हक देने में देर नहीं करनी चाहिए। एक देश एक विधान के सिद्धांत के अनुसार, सभी कर्मचारी समान हक्र और उत्तरदाता हैं और इसलिए उन्हें समानता के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, एक देश में दो पेंशन क्यों होनी चाहिए। एक विधायक, सांसद कई कई पुरानी पेंशन का लाभ लेता है जबकि एक कर्मचारी को पेंशन का लाभ क्यों नहीं। नई पेंशन नीति कर्मचारियों के हित में नहीं है। सरकार से अपील है कि पुरानी पेंशन नीति को पुनः लागू करें ताकि कर्मचारियों को उनकी समाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

### चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही

अशोक शर्मा ने कहा कि नई पेंशन नीति बुढ़ापे में एक कर्मचारी को भगवान भरोसे छोड़ देती है, बुढ़ापे में व्यक्ति को मेडिकल सुविधाओं की आवश्यकता होती है परंतु एनपीएस सेवानिवृत कर्मचारी को कोई चिकित्सा सुविधा नहीं दे रहा। सरकार कर्मचारियों के हित में सकारात्मक कदम उठाए। उन्होंने सरकार को चेताया कि कर्मचारी अपने हितों के लिए लामबंद हैं, अगर सरकार कर्मचारियों की सामाजिक आर्थिक सुरक्षा के देने में आनाकानी करेगी तो कर्मचारी वर्ग हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। वे अपने हक को लेकर ही रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सलाह रोहतक प्रधान रमेश नेहरा, जिला संयोजक विकास ढलवाल, संदीप, अरुण दांगी आदि मौजूद रहे।



### गुरद्वारा बंगला साहिब में कीर्तन



**रोहतक।** धन धन साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फ़तेह सिंह व मामा गुजर कौर की लासानी शहीदी को समर्पित महान कीर्तन समागम गुरद्वारा बंगला साहिब में मनाया गया। समागम अवतार सिंह खुराना परिवार, समूह साध संगत व हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से मनाया गया। जिसमें भाई हरजीत सिंह हरमन शाहबाद वाले, भाई बलबीर सिंह सच्चखंड श्री दरबार साहिब पंजाब व भाई गुरदेव सिंह हजूरी राग्गी जत्था, बच्ची करणदीप कौर ने शब्द गुरबाणी कीर्तन व कथा विचार द्वारा संगतो को निहाल किया। गुरुद्वारे में हजारो की संख्या में संगते नतमस्तक हुई। समागम में भाई हरजीत सिंह हरमन शाहाबाद वालो ने संगतो को शहीदी इतिहास में बताया कि आज के दिन छोटे साहिबजादे बाबा जुझार सिंह, बाबा फ़तेह सिंह को शहीद किया, जिनकी उम्र 7 साल व 9 साल थी! इस मौके पर अवतार सिंह खुराना,अवतार सिंह कोचर,सिमरन खुराना,मलकियत सिंह पाहवा, गुरप्रीत सिंह कोचर,हरभजन सिंह राठौर,महिंदर सिंह धींगड़ा,परमजीत सिंह ,मंजीत सिंह,गौरव छाबड़ा, सुरेश सेवादार,अर्पण भाटिया,सोहन आहूजा सहित अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### विकसित भारत संकल्प यात्रा मदीना गिंधराण, कोरसान और मकड़ौली कलां पहुंची

# 218 लोगों ने 76.10 लाख रुपये के बीमे का उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत संकल्प यात्रा की वैन का मदीना गिंधराण व कोरसान तथा मकड़ौली कलां में भव्य स्वागत किया गया। तीनों गांव में आयुष्मान चिरायु हरियाणा के 6984 लाभार्थियों से 218 ने 76.10 लाख रुपये की राशि का स्वास्थ्य बीमा का लाभ लिया है। इन गांवों में सरकार की अनूठी पहल के तहत स्वतः 138 पेंशन बनी हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि मदीना गिंधराण में 979 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 55 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 2332 लाभार्थियों में से 60 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 16 लाख 39 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। मदीना कोरसान में 1097 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 43 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 2760 लाभार्थियों में से 94 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत



31 लाख 87 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। मकड़ौली कलां गांव में 880 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 40 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1892 लाभार्थियों में से 64 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 27 लाख का लाभ प्राप्त किया है। अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। एलईडी स्क्रीन से युक्त वैन के माध्यम से लोगों को योजनाओं की लघु फिल्में दिखाई गई ।

### केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीब पात्र व्यक्तियों को पहुंचा रही है सीधा लाभ : गोयल



**रोहतक।** मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना के साथ गरीब पात्र लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा रही है। नरेंद्र मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में वंचित पात्र गरीबों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवा रही हैं। मनमोहन गोयल नगर निगम के वार्ड 22 के लिए सुनारिया कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, रेनू डाबला, अनीता बुधवार आदि ने भी संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के तहत 5 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा के गोल्डन कार्ड दिए गए हैं। अब कोई भी गरीब व्यक्ति धन के अभाव में ईलाज से वंचित नहीं रहेगा, बल्कि गोल्डन कार्ड धारक योजना के पैनल में शामिल निजी अस्पतालों में भी ईलाज करवा सकता है।कार्यक्रम में पूर्व मेयर रेणू डाबला, एडवोकेट अनिता बुधवार, सुमिता भाटिया जांगड़ा, सुदीप बुधवार, राजकुमार बुधवार, वजीर खोखर, सरोज हुड्डा, महताब सिंह, राजकुमार शर्मा, सूरजमल किलोई, अजय खुंडिया, राजेश, बलबीर रंगा, शमशेर कलिंगा, मनदीप धनखड़, सतीश शास्त्री, एसडीओ राजेश रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।



### पीएम ने 2047 तक विकसित बनाने का लिया संकल्प : मंजू हुड्डा

रोहतक। जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। सभी नागरिक देश को विकसित बनाने के लिए अपना भरपूर योगदान दें।चेयरपर्सन मंजू हुड्डा मदीना गिंधराण व कोरसान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में उपस्थितगण को संबोधित कर रही थी। जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने भी केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ नेता सतीश नांदल ने कहा कि सरकार प्रदेश में बिना भेदभाव के एक समान विकास कार्य करवा रही है। सरकार द्वारा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई है।